# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

SJU Govt. Registered Social Justice Union


## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 29 जुलाई 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 301

## महत्वपूर्ण एवं खास

### छत्तीसगढ़ शासन में बदले गए मंत्रियों के प्रभार

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ शासन में देर रात मंत्रियों के प्रभार में बदलाव किया गया है। इस दौरान दिए गए प्रभार में योजना समिति की बैठक करने के साथ ही साथ जनसंपर्क एवं जनकल्याण के कार्य की प्रमुख जिम्मेदारी दी गयी है। आदेश अनुसार उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव को बेमेतरा व कबीरधाम , केबिनेट मंत्री ताम्रध्वज साहू को महासमुंद एवं बिलासपुर, कृषि मंत्री रविंद्र चौबे जो रायपुर, रायगढ़, मंत्री मोहम्मद अकबर को दुर्ग,बालोद, आबकारी मंत्री कवासी लखमा को बस्तर, दक्षिण बस्तर ,दंतेवाड़ा, बीजापुर के साथ कोण्डागाँव व नारायणपुर की जिम्मेदारी सौपी गई है।

### नियमितीकरण का रास्ता साफ ! मंत्री रविन्द्र चौबे का बड़ा बयान, कहा- मंत्रिमंडल में हो गई चर्चा

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में कर्मचारियों के नियमितीकरण पर मंत्री रविन्द्र चौबे ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि नियमितीकरण को लेकर मंत्रिमंडल में चर्चा हो गई है. विभागवार जानकारी मंगाई गई है. जल्द ही सरकार इस पर निर्णय लेने वाली है। बता दें कि वेतन में एकमुश्त 27 प्रतिशत की बढ़ोतरी के बाद भी आंदोलन में डटे संविदा कर्मियों के लिए आशा की नई किरण जागी है. सरकार ने सभी विभागों से संविदा कर्मचारियों की जानकारी मांगी है. सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से सभी सरकारी विभाग प्रमुखों के नाम से जारी आदेश पत्र में 2004 से 18 और 2019 से 23 तक सीधी भर्ती के पदों पर नियुक्ति की जानकारी मांगी गई है, संविदा, अनियमित और दैनिक वेतन पर कार्यरत अधिकारी- कर्मचारियों की जानकारी तैयार करने को कहा गया है. सभी विभागों को 7 दिन के भीतर जानकारी भेजने के निर्देश दिए गए हैं.

### चुनाव के ठीक पहले कई आईपीएस के प्रभार में फेरबदल

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव के ठीक पहले कई आईपीएस अफसरों को नवीन पदस्थापना दी गई है। गृह (पुलिस) विभाग द्वारा जारी नवीन पदस्थापना आदेशानुसार डा. आनंद छाबड़ा पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज को पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज बनाया गया है। इसी तरह रतन लाल डांगी निदेशक नेताजी सुभाष चंद्र बोस रा'य पुलिस अकादमी चंद्रखुरी रायपुर के वर्तमान कर्तव्यों के साथ ही साथ पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं अंकित कुमार गर्ग पुलिस महानिरीक्षक रायपुर मुख्यालय को सरगुजा रेंज का नया पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है। बद्री नारायण मीणा पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज को दुर्ग रेंज का नया पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है। वे दुर्ग के साथ ही साथ बेमेतरा और बालोद जिले को भी मॉनीटर करेंगे। राहुल भगत पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय रायपुर को पुलिस महानिरीक्षक जिला राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़, छुईखदान, गंडई की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह राम गोपाल गर्ग प्रभारी पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज को उप पुलिस महानिरीक्षक रायगढ़ जिला रायगढ़, सक्ती, जशपुर की जिम्मेदारी दी गई है।

### पेरिस जा रहा एयर इंडिया का विमान तकनीकी खराबी के चलते दिल्ली लौटा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पेरिस के लिए एयर इंडिया की एक उड़ान को शुक्रवार को रनवे पर टायर का संदिग्ध मलबा दिखने के बाद उड़ान भरने के तुरंत बाद आईजीआई हवाई अड्डे पर लौटना पड़ा। दोपहर 1.22 बजे प्रस्थान करने के तुरंत बाद दिल्ली एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) ने फ्लाइट क्रू को स्थिति के बारे में तुरंत सूचित किया। फ्लाइट में 220 लोग सवार थे। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने कहा, 28 जुलाई 2023 को दिल्ली-पेरिस फ्लाइट एआई143 उड़ान भरने के तुरंत बाद वापस लौट आई। दिल्ली एटीसी ने प्रस्थान के बाद रनवे पर संदिग्ध टायर का मलबा देखे जाने के बारे में चालक दल को जानकारी दी थी। प्रवक्ता ने कहा, उड़ान दोपहर 2.18 बजे सुरक्षित रूप से दिल्ली वापस आ गई। दिल्ली में आवश्यक जांच तक यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की योजना बनाई जा रही है। हमें यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद है, लेकिन हमेशा की तरह, यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी, यह एयर इंडिया की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं।

# मणिपुर वाइलेंस : सीबीआई का बड़ा एक्शन, 6 पर एफआईआर और 10 गिरफ्तार; राज्य से बाहर ट्रायल चलाने की तैयारी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सीबीआई ने मणिपुर हिंसा की जांच शुरू कर दी है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने मामले में छह एफआईआर दर्ज करने के साथ ही 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। कहा जा रहा है कि सीबीआई सामूहिक दुष्कर्म (वायरल वीडियो मामला) की घटना के संबंध में नई एफआईआर (सातवीं एफआईआर) दर्ज करेगी।

आपको बता दें कि मणिपुर में 86 दिन से हिंसा की घटनाएं देखने को मिल रही हैं। इस बीच, केंद्र ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि हमने मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र परेड कराए जाने के मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी है। गृह मंत्रालय ने अपने सचिव अजय कुमार भल्ला के माध्यम से शीर्ष अदालत में एक हलफनामा दायर किया है, जिसमें समयबद्ध तरीके से सुनवाई पूरी करने के लिए सुप्रीम कोर्ट से मामले की सुनवाई को मणिपुर से बाहर ट्रांसफर करने का आग्रह किया है।

सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देने के साथ-साथ गृह मंत्रालय ने राज्य में शांति बहाली की कोशिश भी तेज कर दी है। सूत्रों के मुताबिक, गृह मंत्री अमित शाह मैतेई और कुकी समुदाय दोनों के शीर्ष प्रतिनिधियों के संपर्क में हैं। ये कोशिश की जा रही है कि दोनों समुदायों को बातचीत की मेज पर लाया जाए। हालांकि दोनों समुदायों के बीच सुलह पर राय बंटी हुई है, लेकिन सरकार को उम्मीद है कि जल्द ही बातचीत में कोई सफलता मिलेगी।

बता दें कि मणिपुर में पिछले सप्ताह दो महिलाओं का निर्वस्त्र कर परेड कराए जाने का वीडियो सामने आया था। इन दोनों महिलाओं के साथ गैंगरेप भी किया गया था। एक पीड़िता के पिता और भाई ने विरोध किया तो उनकी हत्या कर दी गई थी। घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी दुख जताया था और कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया था। मामले में 20 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने भी स्वत: संज्ञान लिया था। स्ष्ट ने कहा था कि वीडियो हैरान करने वाला है। हिंसा को अंजाम देने के लिए महिलाओं का इस्तेमाल संवैधानिक लोकतंत्र में बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने केंद्र और मणिपुर सरकार को तत्काल उचित कदम उठाने और कार्रवाई से अवगत कराने का निर्देश दिया था।



अब केंद्र सरकार ने घटना के संबंध में अपना जवाब दाखिल किया है। इसमें कहा, मणिपुर सरकार ने 26 जुलाई को पत्र के माध्यम से आगे की जांच के लिए मामले को सीबीआई को सौंपने की सिफारिश की है। गृह मंत्रालय ने 27 जुलाई को मामला सीबीआई को ट्रांसफर कर दिया है। बेंच अब मणिपुर में जातीय हिंसा से जुड़ी याचिकाओं पर 28 जुलाई को सुनवाई करेगी।

## संसद में मणिपुर हिंसा पर अविश्वास प्रस्ताव पास कर चर्चा करने की मांग

### विपक्षी सांसदों ने पेश किया नोटिस

संसद के दोनों सदनों में विपक्षी सांसदों ने शुक्रवार को मणिपुर हिंसा पर अविश्वास प्रस्ताव पास कर चर्चा की मांग करते हुए नोटिस दिया। कांग्रेस सांसद मनिकम टैगोर ने चर्चा के लिए लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया। नोटिस में टैगोर ने लिखा, मई 2023 से मणिपुर में व्यापक हिंसा और तबाही जारी है। मेइतेई और कुकी समुदायों के बीच शांति के लिए मध्यस्थता करने के लिए केंद्र सरकार ने कोई वास्तविक प्रयास नहीं किया है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका को सभी मणिपुर निवासी अप्रभावी मानते हैं। आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा ने राज्यसभा में सस्पेंशन ऑफ बिजनेस का नोटिस दिया। चड्ढा ने अपने नोटिस में लिखा, केंद्र और राज्य सरकार की 'विफलता और अक्षमता' के कारण मणिपुर में हिंसा के कारण बहुमूल्य जिंदगियों का नुकसान हुआ है। इस बीच कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने लोक सभा में स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया और चीन के साथ सीमा स्थिति पर चर्चा का आग्रह किया। उन्होंने लिखा, मैं सरकार से सदन को चीन के साथ सीमा पर स्थिति, सीमा विवाद को सुलझाने और मध्यस्थता करने के लिए किए गए प्रयासों और संभावित चीनी आक्रमणों के खिलाफ भारत की अखंडता को संरक्षित करने के लिए शुरू की गई नीतियों के बारे में सूचित करने का आग्रह करता हूं।

## चारपाई से बांध पति की कुल्हाड़ी से हत्या

### शव के टुकड़े कर नहर में फेंके

**पीलीभीत (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में एक महिला ने अपने पति की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। हत्या करने के बाद महिला ने शव के टुकड़े करके उसे नहर में फेंक दिया। मामले की जानकारी तब हुई जब बेटे ने पिता की गुमशुदगी रिपोर्ट गजरौला थाने में लिखाई। बेटे ने मां पर हत्या का शक जताया। पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो महिला ने जुर्म कबूल लिया और बताया कि उसने हत्या कर शव को टुकड़ों में करके नहर में फेंक दिया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक की पहचान गजरौला क्षेत्र के शिवनगर निवासी 55 वर्षीय राम पाल के रूप में हुई है।



जानकारी के अनुसार राम पाल की पत्नी दुलारो देवी, अपने पति के दोस्त के साथ भाग गई थी। वह एक महीने पहले ही गांव लौट आई और अपने बेटे को पति के लापता होने की जानकारी दी। राम पाल के बेटे सोन पाल ने थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। संदेह के आधार पर पुलिस ने दुलारो देवी को हिरासत में ले लिया और उससे उसके पति के बारे में पूछताछ की।

पूछताछ के दौरान राम पाल की पत्नी ने अपराध कबूल कर लिया और पुलिस को बताया कि उसने रविवार की रात सोते समय राम पाल की हत्या कर दी थी। दुलारो ने पुलिस को यह भी बताया कि उसने शव के हिस्सों को नहर में फेंक दिया था। पुलिस ने कहा कि वे राम पाल के शरीर के अंगों को निकालने के लिए गोताखोरों की मदद ले रहे हैं। नहर में से मृतक के खून से सने कपड़े और गद्दा मिला।

## कर विभाग की सहायक कमिश्नर एवं दलाल गिरफ्तार

### खाते एवं ऑफिस सीज करने की एवज में ली थी 6.10 लाख रुपए की रिश्वत

**जयपुर (आरएनएस)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की विशेष अनुसंधान इकाई जयपुर ने शुक्रवार को कार्यवाही करते हुए प्रियंका शर्मा सहायक वाणिज्य कर आयुक्त और दलाल वेदप्रकाश शर्मा को गिरफ्तार किया है। प्रियंका शर्मा पर दलाल के जरिए 6.10 लाख रूपए की रिश्वत लेने का आरोप है। एसीबी की टीम सहायक वाणिज्यक कर आयुक्त और दलाल के आवास एवं अन्य ठिकानों पर छापेमारी करके तलाशी ले रही है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी ने बताया कि एसीबी की विशेष अनुसंधान इकाई को दी गई शिकायत में आरोप लगाया गया था कि 6 जुलाई, 2023 को उसकी फर्म के सर्वे के दौरान उसके खाते-ऑफिस सीज करने धमकी देकर प्रियंका शर्मा द्वारा 28 लाख रूपए रिश्वत मांग कर परेशान किया गया। इसके बाद आरोपिया द्वारा 23 जुलाई 2023 को दलाल वेदप्रकाश (प्राइवेट व्यक्ति) के माध्यम से 6 लाख 10 हजार रूपए की रिश्वत वसूल कर ली।



इस पर एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस रणधीर सिंह के सुपरवीजन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बजरंग सिंह शेखावत के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन किया गया। इसके बाद शुक्रवार को पुलिस निरीक्षक सज्जन कुमार द्वारा जयपुर में कार्यवाही करते हुए प्रियंका शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रियंका झोटवाड़ा के सत्य नगर में राजपूताना मार्ग पर रहती है। जबकि दलाल वेदप्रकाश शर्मा तिरूपति फ्लेटस्, कालवाड़ रोड़ झोटवाड़ा का रहने वाला है।

हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि आरोपिया एवं दलाल से रिश्वत राशि बरामद करने के संबंध में पूछताछ की जा रही है। एसीबी के महानिरीक्षक सवाई सिंह गोदारा के निर्देशन में आरोपियों के आवास एवं ठिकानों पर तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।

## दर्दनाक हादसा : शव लेकर जा रही एंबुलेंस को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मां-बेटी सहित चार लोगों की मौत

**उन्नाव (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां वृद्ध का शव लेकर जा रही एंबुलेंस में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में एंबुलेंस के परखचे उड़ गए और एंबुलेंस में सवार मां-बेटी समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।एंबुलेंस को टक्कर मारने वाले वाहन का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस एंबुलेंस चालक का पता लगाने का भी प्रयास कर रही है।



जानकारी के अनुसार मौरावां निवासी 75 वर्षीय धनीराम को पैरालिसिस अटैक आया था। उनका इलाज कानपुर के एलएलआर में चल रहा था। शुक्रवार तडक़े इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के परिजन प्राइवेट एंबुलेंस से शव लेकर घर के लिए निकले। इस दौरान पुरवा-मौरावां मार्ग पर तुसरौर गांव के पास अज्ञात वाहन ने एंबुलेंस को टक्कर मार दी।

इस हादसे में एंबुलेंस सवार 70 वर्षीय प्रेमा, 45 वर्षीय मंजुला, 40 वर्षीय अंजली, 30 वर्षीय रूबी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, बेटी सुधा घायल हो गई, उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना व एएसपी शशिशेखर सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

## ट्राले की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत, एक की हालत गंभीर

**मुरैना (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ट्राला (ट्रक) ने मोटर साइकिल सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी, जिससे दो युवकों की घटना स्थल पर मौत हो गयी और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर रेफर कर दिया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार उत्तर प्रदेश के जालोंन जिले के रहने वाले तीन युवक कल देर रात मोटर साइकिल से राजस्थान में खाटू श्याम बाबा के दर्शन करने जा रहे थे। तभी सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग स्थिति सिकरौदा बड़ी नहर के समीप एक तेज रफ्तार ट्राला ने उनकी मोटर साइकिल में टक्कर मार दी, जिससे दो युवक अखिलेश और सुनील की मौके पर ही मौत हो गयी और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को पहले मुरैना के जिला अस्पताल में उपचार के लिये ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे ग्वालियर के जयारोग्य चिकित्सालय के लिये रेफर कर दिया है। हादसे के बाद चालक ट्राला की चाबी लेकर मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने ट्राला को जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## बड़ा हादसा: सवारियों से भरी नाव झील में पलटी, डूबने से 30 लोगों की मौत

**मनीला।** फिलीपींस में रिज़ल प्रांत के पास लगुना डे खाड़ी में खचाखच भरी यात्री नाव पलट गई। इस हादसे में 30 से अधिक लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 40 लोगों की सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। यह जानकारी फिलीपीन तटरक्षक (पीसीजी) ने जानकारी दी है।

पीसीजी ने कहा कि अधिकतम क्षमता 42 यात्रियों वाली नाव 70 लोगों को ले जा रही थी और यात्रियों ने लाइफ जैकेट नहीं पहन रखी थी। पीसीजी ने कहा कि खोज और राहत अभियान शुक्रवार सुबह भी जारी रहा। दुर्घटना के समय नाव बिननगोनन शहर से फिलीपींस की सबसे बड़ी झील लगुना डे बे में तालीम द्वीप की ओर जा रही थी। यह दुर्घटना तब हुई जब डोकसूरी तूफान फिलीपींस से दूर चल रहा था, जिससे बाढ़ और भूस्खलन हुआ।



पीसीजी ने कहा कि बिननगोनन शहर से लगभग 45 मीटर दूर तेज हवाओं ने मोटरबोट को टक्कर मार दी, जिससे यात्रियों में घबराहट फैल गई। स्थानीय मीडिया द्वारा साक्षात्कार में जीवित लोगों ने कहा कि हवा और बारिश होने पर यात्री नाव के एक तरफ भाग गए, जिससे नाव एक तरफ झुक गई, जिससे कई यात्री नाव के नीचे फंस गए।

## 30 अरब डॉलर से बढक़र 100 अरब डॉलर पर पहुंचा भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण : पीएम मोदी

**गांधीनगर (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत का इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण 2014 के 30 अरब डॉलर से बढक़र 100 अरब डॉलर से अधिक हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेमीकॉनइंडिया 2023 का आधिकारिक उद्घाटन करने के बाद इसकी जानकारी दी। 'कैटालाइजिंग इंडियाज सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम' विषय के तहत यह सम्मेलन सेमीकंडक्टर डिजाइन, विनिर्माण और प्रौद्योगिकी विकास के लिए वैश्विक केंद्र बनने में भारत की रणनीति और नीति का प्रदर्शन करेगा।



अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने प्रौद्योगिकी की तेजी से वृद्धि की भविष्यवाणी करने वाले मूर के कानून और भारत के डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्षेत्रों के बीच समानताएं बताईं। उन्होंने दर्शकों को बताया कि वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण में भारत की हिस्सेदारी बढ़ी है। पीएम मोदी ने खुलासा किया, 2014 में, भारत का इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण 30 अरब डॉलर से कम था, जो अब 100 अरब डॉलर से अधिक हो गया है।

उन्होंने यह भी साझा किया कि इलेक्ट्रॉनिक्स और मोबाइल उपकरणों का निर्यात पिछले दो वर्षों में दोगुना हो गया है, साथ ही सेमीकॉनइंडिया जैसे मंचों के महत्व पर जोर दिया जहां उद्योग के लीडर और विशेषज्ञ अंतर्दृष्टि और अपडेट का आदान-प्रदान करने के लिए एकत्रित होते हैं। पीएम मोदी ने समझाया कि यह हमारे संबंधों के समन्वय के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रदर्शनी और क्षेत्र की जीवंत ऊर्जा पर प्रसन्नता व्यक्त की, और सभी उपस्थित लोगों, विशेष रूप से युवाओं से नई तकनीक की क्षमता को समझने का आग्रह किया।

पिछले साल के सेमीकॉन कार्यक्रम पर विचार करते हुए, प्रधान मंत्री ने एक ही वर्ष के भीतर निवेश माहौल में 'भारत में निवेश क्यों करें' से 'भारत में निवेश क्यों न करें' के बदलाव पर टिप्पणी की। मोदी ने भारत की आकांक्षाओं और क्षमताओं को अपने भविष्य के लक्ष्यों और सपनों के साथ जोडऩे के लिए उद्योग जगत के प्रमुखों की सराहना की। उन्होंने घोषणा की, भारत निराश नहीं करता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने 21वीं सदी के भारत में व्यापक अवसरों पर जोर दिया, देश के लोकतंत्र, जनसांख्यिकी और व्यापार विस्तार के लिए मजबूत संकेतक के रूप में लाभांश पर प्रकाश डाला। 2014 के बाद से भारत की तकनीकी प्रगति के बारे में और जानकारी प्रदान करते हुए, प्रधानमंत्री ने मोबाइल विनिर्माण इकाइयों, ब्रॉडबैंड उपयोगकर्ताओं और इंटरनेट कनेक्शन की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की सूचना दी। उन्होंने कहा कि ये आंकड़े न केवल भारत की प्रगति बल्कि बढ़ते व्यावसायिक अवसरों का भी संकेत देते हैं।

मोदी ने कहा, दुनिया आज उद्योग 4.0 क्रांति देख रही है, उन्होंने कहा कि भारतीय आकांक्षाएं देश के विकास के पीछे प्रेरक शक्ति हैं। उन्होंने डिजिटल उत्पादों की खपत को बढ़ावा देने वाले प्रमुख कारकों के रूप में गरीबी दर में तेजी से गिरावट, एक नए मध्यम वर्ग के उद्भव और भारतीय उपभोक्ताओं के बीच प्रौद्योगिकी को अपनाने पर जोर दिया। प्रधान मंत्री ने पुष्टि की, भारत का बढ़ता नव-मध्यम वर्ग भारतीय आकांक्षाओं का पावरहाउस बन गया है।